**सत्रीय कार्य 2018-19**
**पाठयक्रम : एमबीए**
**सेमेस्टर – प्रथम सेमेस्टर**

प्रिय छात्र /छात्राओं

जिन छात्र /छात्राओं ने एमबीए प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लिया है ऐसे सभी छात्र /छात्राओं की प्रवेश सूची विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर उपलब्ध है। ऐसे सभी छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि एमबीए प्रथम सेमेस्टर के सत्रीय कार्य को लिखकर मुख्यालय, वर्धा में प्रस्तुत करें। निम्नांकित के अनुसार एमबीए प्रथम सेमेस्टर के सत्रीय कार्य है:

एमबीए 401 – प्रबंध के मूल आधार
एमबीए 402 – संगठनात्मक व्यवहार
एमबीए 403 – प्रबंधकीय लेखांकन
एमबीए 404 – प्रबंधकीय अर्थशास्त्र
एमबीए 405 – व्यवसाय के कानूनी पहलु
एमबीए 406 – प्रबंध सूचना प्रणाली एवं संगणक के अनुप्रयोग

उददेश्य – सत्रीय कार्य का उददेश्य यह जानना है कि आपने पाठ्यक्रम से संबंधित सामग्री को कितना पढ़ा, समझा और उसका विवेचन, विश्लेषण और मूल्यांकन करने की क्षमता कितनी अर्जित की है। सत्रीय कार्यों का उद्देश्य यह भी है कि पाठ्य सामग्री के अध्ययन के पश्चात् आप उसके संबंध में स्वंय अपना दृष्टिकोण विकसित कर सकें और उन्हें अपने शब्दों में लिख सकें। इसका तात्पर्य यह है कि विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराई गई सामग्री को आप पुन: प्रस्तुत न करें, बल्कि पूछे गए प्रश्नों के उत्तर को सोच विचार कर अपने शब्दों में लिखें। आपके उत्तर में आपका अध्ययन, आलोचनात्मक दृष्टि, रचनाओं के बारे आपकी अपनी समझ और भाषा पर आपका अधिकार व्यक्त होना चाहिए। आपके सत्रीय कार्य का मूल्यांकन करते हुए परीक्षक इन सभी बातों को ध्यान में रखेंगे।

**निर्देश -** सत्रीय कार्य आरंभ करने से पूर्व निम्नलिखित बातों को ध्यान से पढिए :-

1. अपनी उत्तर पुस्तिका के पहले पृष्ठ के दाएं सिरे पर अपना अनुक्रमांक, नाम, पूरा पता, और दिनांक लिखिए।
2. अपनी उत्तर पुस्तिकाओं की बाईं ओर पाठ्यक्रम का नाम, प्रश्न पत्र का शीर्षक एवं कोड संख्यास्पष्ट लिखे।

(Cover page) उत्तर पुस्तिका का प्रथम पृष्ठ निम्न प्रकार से शुरू होगा :

नामांकन संख्या : ..................................................................

नाम : ........................................................................

पता : ........................................................................

........................................................................

मो.: ........................................................................

ई- मेल ........................................................................

दिनांक : ........................................................................

पाठ्यक्रम का नाम : एमबीए

प्रश्न पत्र का शीर्षक: ......................................................

प्रश्न-पत्र कोड : ......................................................

विद्यार्थी हस्ताक्षर

प्रस्तुत सत्रीयकार्य को स्वंय मेरे द्वारा करने के पश्चात् हस्ताक्षरित प्रस्तुत किया जा रहा है।

1. उत्तर के लिए केवल फुलस्केप (A4) आकार के कागज का इस्तेमाल करें और उन सभी कागजों को अच्छी तरह से बांध लें।
2. प्रत्येक उत्तर से पहले प्रश्न संख्या अवश्य लिखें।
3. अपनी हस्तलिखित (Handwritten) में उत्तर दें।

**प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित निर्देशों का सावधानी पूर्वक अध्ययन करें:**

1. प्रश्नों में जो पूछा गया है उसको अच्छी तरह समझ कर उत्तर लिखे। जो नहीं पूछा गया है, उसे न लिखें। जितना पूछा गया है, उतना ही लिखें। आपका उत्तर सुसंगत, बोध्गम्य और स्पष्ट होना चाहिए।
2. अपने पास सत्रीय कार्य के उत्तर की छाया प्रति अवश्य रखें।

**शुभकामनाओं के साथ।**

(पाठ्यक्रम संयोजक)

सत्रीय कार्य भेजने का पता :

निदेशक, दूर शिक्षा निदेशालय

पोस्ट – हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स,

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा – 442001 (महाराष्ट्र)

फोन/फैक्स नं.- 07152- 247146

ई-मेल: mgahvdistexam@gmail.com

वेब साईट : www.hindivishwa.org

**एमबीए प्रथम सेमेस्टर**

**प्रश्न पत्र कोड : एमबीए 401**
**प्रश्न पत्र का नाम : प्रबंधन के मूल आधार**
**अंतिम तिथि : 31 मार्च 2019 तक दूर शिक्षा निदेशालय, वर्धा में प्रस्तुत कीजिए।**

**कुल अंक : 30**

**नोट – निम्नलिखित में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

प्रश्न 1 :- प्रबंध के क्षेत्र में एफ.डब्लू. टेलर की भूमिका एवं योगदानों की विवेचना कीजिए।

प्रश्न 2 :- नियोजन से क्या अभिप्राय है? नियोजन प्रक्रिया में शामिल विभिन्न चरणों को समझाइए।

प्रश्न 3 :- उद्देश्यो द्वारा प्रबंध से आप क्या समझते है? उद्देश्यों द्वारा प्रबंध की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 4 :- समन्वय से क्या आशय है ? समन्वय के आवश्यक तत्वों की विवेचना कीजिए।

प्रश्न 5 :- प्रबंधकीय नियंत्रण की आधुनिक तकनीकों का वर्णन कीजिए।

**एमबीए प्रथम सेमेस्टर**

**प्रश्न पत्र कोड : एमबीए 402**
**प्रश्न पत्र का नाम : संगठनात्मक व्यवहार**
**अंतिम तिथि : 31 मार्च 2019 तक दूर शिक्षा निदेशालय, वर्धा में प्रस्तुत कीजिए।**

**कुल अंक : 30**

**नोट – निम्नलिखित में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

प्रश्न 1 :- संगठनात्मक व्यवहार की परिभाषा दीजिए तथा उसके प्रमुख लक्षणों को बताइए।

प्रश्न 2 :- नेतृत्व से क्या अभिप्राय है? इसकी आवश्यकता क्यों पड़ती है ? नेतृत्व की विभिन्न शैलियों की विवेचना कीजिए।

प्रश्न 3 :- मनोवृत्ति से क्या आशय है ? मनोवृत्तियों के निर्माण के प्रमुख स्रोतों का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 4 :- मैस्लों के अभिप्रेरण सिद्धान्त की विवेचना कीजिए।

प्रश्न 5 :- संघर्ष से क्या आशय हैं ? संघर्ष के कारणों का वर्णन कीजिए।

**एमबीए प्रथम सेमेस्टर**

**प्रश्न पत्र कोड : एमबीए 403**
**प्रश्न पत्र का नाम : प्रबंधकीय लेखांकन**
**अंतिम तिथि : 31 मार्च 2019 तक दूर शिक्षा निदेशालय, वर्धा में प्रस्तुत कीजिए।**

**कुल अंक : 30**

**नोट – निम्नलिखित में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

प्रश्न 1 :- कोष प्रवाह विवरण से क्या तात्पर्य है? कोष प्रवाह विवरण तथा स्थिति विवरण में अन्तर बताइए।

प्रश्न 2 :- 'बजटरी नियंत्रण' क्या है तथा यह कैसे क्रियान्वित किया जाता है ? बजट बनाते समय क्या सावधानियां बरतनी चाहिये?

प्रश्न 3 :- कार्यशील पूँजी के निर्धारण की विभिन्न विधियाँ स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 4 :- आदर्श पूँजी संरचना से क्या तात्पर्य है? एक कम्पनी की पूँजी संरचना का निर्धारण करते समय किन-किन घटकों पर विचार किया जाना चाहिये ?

प्रश्न 5 :- वित्तीय विवरणों से आप क्या समझते है ? प्रमुख वित्तीय विवरणों का वर्णन कीजिए।

**एमबीए प्रथम सेमेस्टर**

**प्रश्न पत्र कोड : एमबीए 404**
**प्रश्न पत्र का नाम : प्रबंधकीय अर्थशास्त्र**
**अंतिम तिथि : 31 मार्च 2019 तक दूर शिक्षा निदेशालय, वर्धा में प्रस्तुत कीजिए।**

**कुल अंक : 30**

**नोट – निम्नलिखित में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

प्रश्न 1 :- उदासीनता वक्र विश्लेषण पर विस्तारपूर्वक चर्चा कीजिए।

प्रश्न 2 :- मुद्रास्फीति क्या है ? मुद्रास्फीति के कारणों एवं उसको नियंत्रित करने के उपायों की व्याख्या कीजिए।

प्रश्न 3 :- बाजार के विभिन्न प्रकार का विस्तारपूर्वक व्याख्या कीजिए।

प्रश्न 4 :- मांग की लोच से आप क्या समझते है ? इसके मापने की विभिन्न विधियों का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 5 :- प्रबंधकीय अर्थशास्त्र से आप क्या समझते है ? इसके प्रकृति एवं क्षेत्र की व्याख्या कीजिए।

**एमबीए प्रथम सेमेस्टर**

**प्रश्न पत्र कोड : एमबीए 405**
**प्रश्न पत्र का नाम : व्यवसाय के कानूनी पहलू**
**अंतिम तिथि : 31 मार्च 2019 तक दूर शिक्षा निदेशालय, वर्धा में प्रस्तुत कीजिए।**

**कुल अंक : 30**

**नोट – निम्नलिखित में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

प्रश्न 1 :- "समस्त अनुबंध ठहराव होते है परन्तु समस्त ठहराव अनुबंध नही होते। " इस कथन की विवेचना कीजिए।

प्रश्न 2 :- क्या अवयस्क साझेदारी में सम्मिलित किया जा सकता है? यदि हाँ, तो अवयस्क के अधिकारों, उतरदायित्वों तथा अयोग्यताओं का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 3 :- उपभोक्ता की परिभाषा दीजिए। विभिन्न विधिक दस्तावेजों में निहित महत्वपूर्ण उपभोक्ता अधिकारों की विस्तार से व्याख्या कीजिए।

प्रश्न 4 :- कंपनी अधिनियम, 2013 के सिद्धांतो का उल्लेख कीजिए।

प्रश्न 5 :- अदत्त विक्रेता की परिभाषा दीजिए। अदत्त विक्रेता के माल के प्रति क्या अधिकार होते है ? समझाइए।

**एमबीए प्रथम सेमेस्टर**

**प्रश्न पत्र कोड : एमबीए 406**
**प्रश्न पत्र का नाम : प्रबंध सूचना प्रणाली एवं संगणक के अनुप्रयोग**
**अंतिम तिथि : 31 मार्च 2019 तक दूर शिक्षा निदेशालय, वर्धा में प्रस्तुत कीजिए।**

**कुल अंक : 30**

**नोट – निम्नलिखित में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

प्रश्न 1 :- कम्प्यूटर प्रणाली के विशिष्ट गुणधर्मो का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 2 :- इनफॉर्मेशन सिस्टम क्या है? इसकी आवश्यकता क्यों पड़ती है?

प्रश्न 3 :- प्रबंध सूचना प्रणाली एवं डाटा कालचक्र को विस्तारपूर्वक समझाइये।

प्रश्न 4 :- सिस्टम के अभिलेखीकरण की प्रक्रिया को समझाइए।

प्रश्न 5 :- निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :-

(1) माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल में उपलब्ध विकल्पों को बताइए।
(2) पेस्ट तथा पेस्ट स्पेशल में उपलब्ध विकल्पों को समझाइए।